भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

Title:प्रेस विज्ञप्ति

Reference No.:-- **Date:**16/06/2014

बीमा ब्रोकरों के लिए ऑनलाइन परीक्षा, प्रणाली शुरू करना

अध्यक्ष, आईआरडी, ने आज अर्थात् 16 जून, 2014 को बीमा ब्रोकरों की ऑन लाइन परीक्षा के आयोजन का उद्घाटन किया। आईआरडीए ने हाल ही में आईआरडीए (बीमा ब्रोकर्स) विनियम, 2013 अधिसूचित किया है, जो किसी बीमा ब्रोकर के प्रमुख अधिकारी और उन कर्मचारियों, जो उसकी ओर से बीमा व्यापार आमंत्रित करने और प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार हैं, के लिए सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता को अनिवार्य करता है। आईआरडीए ने इन परीक्षाओं को आयोजित करने के लिए नेशनल इन्शुरन्स एकेडेमी (एनआईए) को मान्यता प्रदान की है। इसके अलावा, आईआरडीएआई ने भावी बीमा ब्रो करों को प्रशिक्षण के आयोजन के लिए पहले ही नौ संस्थानों को मान्यता प्रदान की है।

आईआरडीए ने प्रशिक्षण की लागत को कम करने और प्रशिक्षण का आधार व्यापक करने के अपने प्रयास में प्रशिक्षण और साथ ही साथ बीमा ब्रोकरों की परीक्षा को ऑनलाइन करने का फैसला किया है। इस उद्देश्य से, एनआईए पुणे ने एनएसईआईटी, मुंबई के सहयोग से तैयार किया गया ऑनलाइन परीक्षा माडयूल उपलब्ध कराया है, जिसका आईआरडीए के अध्यक्ष ने आज औपचारिक उद्घाटन किया है। आशा है कि यह ऑनलाइन प्रशिक्षण बहुत शीघ्र ही परिचालनीय हो जाएगा।

आईआरडीए ने हाल ही में प्रशिक्षण की लागत को कम करने और उसको व्यापक स्तरीय बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसमें वर्तमान 100 घंटे के प्रशिक्षण को घटाकर 50 घंटे करना और प्रशिक्षण और परीक्षा का आयोजन भी ऑनलाइन करना शामिल है। इन कदमों के कार्यान्वयन के साथ प्रशिक्षण और परीक्षा की लागत में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा की कमी आने की उम्मीद है। इससे प्रशिक्षत और अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को ग्राहकों की ज़रूरतों के अनुसार उत्पाद बेचने का हौसला मिलेगा।